
# बलूचिस्तान में पोलियो टीकाकरण टीमों की सुरक्षा बढ़ाई गई

**चमन के सहायक आयुक्त सैयद सामी आगा ने मीडिया को बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे शहर सुल्तान जई में पोलियो टीकाकरण टीम पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात लोगों ने गोलियां चला दी थीं।**

**क्वेटा। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान के चमन इलाके में एक महिला बाल स्वास्थ्य कर्मी की हत्या और एक अन्य के घायल होने की घटना के बाद अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण टीमों के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चमन के सहायक आयुक्त सैयद सामी आगा ने मीडिया को बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे शहर सुल्तान जई में पोलियो टीकाकरण टीम पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात लोगों ने गोलियां चला दी थीं। उन्होंने पुष्टि की कि इस हमले में एक महिला पोलियो कर्मी की मौत हो गई और एक अन्य कर्मी घायल हो गया।

प्रांत के स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हमने पूरे प्रांत में टीकाकरण टीमों के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि प्रांत में 25 लाख से अधिक बच्चों का पोलियो टीकाकरण किया जाना है। पोलियो टीकाकरण अभियान में करीब 2,60,000 स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए करीब 1,50,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इस सप्ताह की शुरूआत में देश के अन्य हिस्सों में भी आतंकवादियों ने पोलियो कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया था। बन्नू में 23 अप्रैल को टीकाकरण टीम के साथ तैनात एक पुलिसकर्मी को भी गोली मार दी गई थी। पोलियो अब दुनिया के तीन देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नाइजीरिया में रह गया है। हालांकि पापुआ न्यू गिनी में भी पिछले साल के अंत में कुछ मामले सामने आए थे।




# ब्रिटेन में टाटा स्टीलवर्क्स की फैक्ट्री में धमाका, 2 लोग घायल

**टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी आपातकालीन सेवाओं के साथ मिलकर काम कर रही है और संयंत्र में लगी आग "नियंत्रण" में है.**

**लंदन: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ब्रिटेन के पोर्ट टालबोट स्थित टाटा स्टीलवर्क्स में तीन धमाके होने की खबर है. इस घटना में दो लोग घायल बताए जा रहे हैं. बीबीसी के मुताबिक , टाटा के वेल्स स्थित पोर्ट टालबोट संयंत्र में रात करीब तीन बजकर 35 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर धमाके हुए.



साउथ वेल्स पुलिस विभाग ने ट्वीट में कहा कि उन्हें टाटा स्टीलवर्क्स के संयंत्र में विस्फोट की जानकारी मिली है. आपातकालीन सेवाएं वहां मौजूद हैं. जल्द ही आगे की जानकारी दी जाएगी.

**दो को आई मामूली चोट**

पुलिस ने कहा कि उन्हें तीन बजकर 35 मिनट पर संयंत्र में धमाके की सूचना मिली थी. इस समय तक दो लोगों को मामूली चोटें आने की खबर है. टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी आपातकालीन सेवाओं के साथ मिलकर काम कर रही है और संयंत्र में लगी आग नियंत्रण में है.

**जांच है जारी**

टाटा स्टील ने बयान में कहा , आग को बुझा दिया गया है और हादसे की पूरी जांच शुरू की गई है. प्रारंभिक सूचनाओं से पता चला है कि पिघली हुई धातु को लाने - ले जाने में इस्तेमाल होने वाली ट्रेन से विस्फोट हुआ है. प्रवक्ता ने कहा , धमाके की वजह से कुछ जगह आग लग गई थी. इसके चलते कुछ इमारतों को नुकसान हुआ है. फिलहाल आग काबू में है."

# बिल्डिंग की 53वीं मंजिल पर था स्विमिंग पूल, भूकंप आया तो हुआ ऐसा हाल कि...

**दुनियाभर एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

में आधुनिक शैली और नई-नई तकनीक की वजह से लोग तरह-तरह की इमारतों का निर्माण कर रहे हैं. ये इमारतें किसी भी इंसान के लिए सपनों की दुनिया से कम नहीं है. कई बार तो आधुनिक तकनीक हमें स्वर्ग का एहसास धरती पर ही करा देती है, तो कई बार हमें इसका इतना बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता है कि हम सब कुछ बर्बाद कर बैठते हैं. कई बार इंसान की जान की दुश्मन भी यही इमारतें बन जाती है. जो किसी प्राकृतिक आपदा के वक्त लोगों को बुरी तरह से डरा देती हैं. जैसा कि सोशल मीडिया में वायरल हो रहे एक वीडियो को देखकर महसूस किया जा



सकता है.

**फिलीपींस के मनीला का यह वीडियो**

दरअसल, ये वीडियो फिलीपींस की राजधानी मनीला का है. जिसे वहां आए भूकंप के दौरान लिया गया था. बता दें कि मनीला में एक इमारत की 53वीं मंजिल से उस वक्त अचानक से पानी गिरने लगा जब वहां भूकंप आया. ऊपर से पानी गिरता देख लोग दहशत में आ गए.

**आनन-फानन में खाली करवाई गई इमारत**

बता दें कि भूकंप के आने से इमारत की 53वीं मंजिल पर बने स्विमिंग पूल से पानी गिरने लगा. उसके बाद वहां तुरंत अलर्ट जाती किया गया और इमारत से लोगों को बाहर निकाल लिया गया. बता दें कि मनीला में बीती 22 अप्रैल को जबरदस्त भूकंप आया था. जिसमें 16लोगों मौत हो गई थी. जब भूकंप आया तो इमारत से पानी गिरने लगा.पानी को देखकर लोगों को लगा कि बादल फट गया है इसीलिए ये पानी ऊपर से नीचे गिर रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि एक इमारत की 53 वीं मंजिल से तेज पानी गिर रहा है. पानी इतना तेजी से गिर रहा है कि कोई भी नहीं समझ सकता कि ये पानी किसी स्विमिंग पूल से गिर रहा है या यकीनन बादल फट गया है.

# किम जोंग रुस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के बाद व्लादिवोस्तोक से रवाना

**व्लादिवोस्तोक: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के बाद शुक्रवार को व्लादिवोस्तोक शहर से रवाना हो गए. किम ने अंतरराष्ट्रीय समयानुसार करीब साढ़े पांच बजे अपनी बख्तरबंद ट्रेन में रवाना होने से पहले व्लादिवोस्तोक स्टेशन पर विदाई समारोह में भाग लिया.

**किम ने अमेरिका पर लगाया आरोप**

किम और पुतिन ने अपनी पहली आमने-सामने की वार्ता के लिए व्लादिवोस्तोक में बृहस्पतिवार को मुलाकात की थी. दोनों नेताओं ने मॉस्को और प्योंगयांग के बीच मजबूत संबंधों का आह्वान किया और किम ने हनोई में हुई शिखर वार्ता में अमेरिका पर ''बदनीयत के साथ एकतरफा रुख अपनाने'' का आरोप लगाया.पुतिन बीजिंग में एक अन्य शिखर वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को शहर से रवाना हो गए जबकि किम कुछ कार्यक्रमों के लिए रात भर ठहरे रहे.

